भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2823
बुधवार, 18 मार्च, 2020/28 फाल्गुन, 1941 (शक)

रोजगार पर कोरोना वायरस का प्रभाव

2823. श्री के॰ जे॰ एल्फोंसः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में रोजगार पर कोरोना वायरस का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ख) उक्त कारणों से कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): पहली बार चीन में और अब तक 100 से अधिक देशों में पुष्टि किए जा चुके नोवेल कोरोना वायरस का (कोविड-19) प्रकोप मानवीय स्वास्थ्य तथा व्यापार, उत्पादन एवं आपूर्ति श्रृंखला में रुकावटों; मांग में गिरावट; कम पर्यटन एवं व्यापारिक यात्रा; तथा स्वास्थ्य के कारण उत्पादकता में कमी जैसे अनेक चैनलों के माध्यम से वैश्विक विकास दृष्टिकोण के लिए प्रमुख खतरे के रूप में उभरा है जो कार्य बल पर प्रभाव डालते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तत्परता, नियंत्रण एवं काबू करने वाले उपायों के अर्थों में केंद्र सरकार के प्रयासों के साथ समन्वय करता रहा है तथा यह भारत में वायरस के प्रकोप के प्रभाव को कम करने के लिए राज्य सरकारों के साथ भी कार्य कर रहा है।

(ख): ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

*****